# द्वितीय संकलित मूल्यांकन, सत्र-2015-16

**कक्षा- सातवीं** **समय-2½ घण्टे**

**विषय- हिन्दी** **पूर्णांक- 60**

**सामान्य निर्देश-**

**1- प्रश्न-पत्र के चार खण्ड हैं- क, ख, ग और घ।**

**2- सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।**

**3-यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमश: दीजिए।**

## खण्ड- 'क'

**१- निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए।** **1X5=5**

जीवन में हार-जीत, हानि-लाभ, यश-अपयश, सफलता-असफलता आदि सब कुछ मन पर निर्भर है। प्राय: देखा गया है कि अनेक व्यक्ति बूढ़े होने पर भी जवान दिखाई देते हैं और कुछ युवा होते हुए भी बूढ़े दिखने लगते हैं। कुछ अंधाधुंध धन होने पर भी निर्धन बने रहते हैं, कुछ फटेहाल रहकर भी मस्त और सुखी रहते हैं। कौरव संख्या और धनबल में पांडवों से बहुत अधिक थे किन्तु जीत पांडवों की हुई। मन की दृढ़ता के कारण सावित्री यमराज से भी भिड़ गई और अपने पति को जीवन दे सकी। नचिकेता ने न केवल मृत्यु को जीत लिया, बल्कि दूसरों के लिए भी अनेक वरदान प्राप्त किए। महात्मा गांधी और उनके सहयोगी केवल मन की दृढ़ता के बल पर उस अंग्रेजी साम्राज्य से लड़ गए, जिसके राज्य में सूरज नहीं डूबता था। अत: जीत चाहने वालों को मन की दृढ़ता पैदा करनी होगी।मन को जीतना होगा।

**(i) जीवन में सफलता-असफलता किस पर निर्भर है?**

**(क)** दिल और दिमाग पर **(ख)** मन पर **(ग)** स्वभाव पर **(घ)** बल-बाहु पर

**(ii) बूढ़े का जवान और जवान का बूढ़ा दिखना निर्भर करता है-**

**(क)** मनुष्य की सोंच पर **(ख)** मनुष्य की भावनाओं पर

**(ग)** मन की दृढ़ता पर **(घ)** इसमें से कोई नहीं

**(iii) नचिकेता ने जीत लिया था-**

**(क)** देश को **(ख)** पूरी मानव जाति को **(ग)** मृत्यु को **(घ)** अपार धन-संपत्ति को

**(iv) मन की दृढ़ता से-**

**(क)** सभी कार्य सफल होते हैं। **(ख)** असंभव भी संभव हो जाता ह

https://www.evidyarthi.in

**(ग)** मनुष्य मन को भी जीत लेता ह।　　**(घ)** दिए गए सभी।

**(v) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक है-**

**(क)** मन का विजयी होना　　**(ख)** मन के हारे हार है मन के जीते जीत

**(ग)** मन की दृढ़ता　　**(घ)** मन के भाव

2- **निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गर प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प 1X4=4**

**चुनकर दीजिए।**

झम-झम, झम-झम मेघ बरसते हैं सावन के,
छम-छम-छम गिरती बूँदे तरुओं से छन के।
चम-चम बिजली चमक रही रे डर में छन के,
थम-थम दिन के तम में सपने जगते मन के॥
पंखों से रे, फैले-फैले ताड़ों के दल,
लंबी-लंबी अंगुलियाँ हैं, चौड़े करतल।
तड़-तड़ पड़ती धार वारि की उन पर चंचल,
टप-टप झरती कर मुख से जल बूँदे झलमल॥
नाच रहे पागल हो ताली दे-दे चल दल,
झूम-झूम सिर नीम हिलाती, सुख से विकल।
हर सिंगार झरते बेला-कलि बढ़ती प्रतिपल,
हँस मुख हरियाली में खगकुल गाते मंगल॥

**(i)** काव्यांश में किस ऋतु का चित्रण किया गया है?

**(क)** ग्रीष्म ऋतु　　**(ख)** वर्षा ऋतु

**(ग)** हेमंत ऋतु　　**(घ)** शरद ऋतु

**(ii)** पानी की बूँदें कहाँ से छनकर गिर रही हैं?

**(क)** आसमान से　　**(ख)** पेड़ों से　　**(ग)** मेघ से　　**(घ)** लताओं से

**(iii)** ताड़ के पेड़ों के पत्ते कैसे दिखाई दे रहे हैं?

**(क)** फैले कपड़ों जैसे　　**(ख)** बादलों जैसे

**(ग)** पक्षियों के पंखों जैसे　　**(घ)** पक्षियों के झुंड जैसे

**(iv)** झूम-झूम कर सिर कौन हिला रहा है?

**(क)** आम　　**(ख)** नीम　　**(ग)** बरगद　　**(घ)** पीपल

evidyarthi

## खण्ड-ख

**3- निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर दीजिए।** **1X5=5**

वे 1845 से 1946 तक काफी सक्रिय रहे और गुप्त ढ़ंग से ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ विद्रोह की योजना बनाते रहे। उन्होंने बिहार के प्रसिद्ध सोनपुर मेले को अपनी गुप्त बैठकों की योजना के लिए चुना। सोनपुर के मेले को एशिया का सबसे बड़ा पशु मेला माना जाता है। यह मेला कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर लगता है। यह हाथियों के क्रय-विक्रय के लिए भी विख्यात है। इसी ऐतिहासिक मेले में उन दिनों स्वाधीनता के लिए लोग एकत्र होकर क्रांति के बारे में योजना बनाते थे।

**(क)** उपर्युक्त गद्यांश किस पाठ से लिया गया है?

**(i)** मंगल पांडे **(ii)** 1857 का विद्रोह

**(iii)** वीर कुँवर सिंह **(iv)** भारत में अंग्रेजी शासन।

**(ख)** यहाँ 'वे' का प्रयोग किसके लिए हुआ है?

**(i)** ताँत्या टोपे **(ii)** मंगल पांडे

**(iii)** राव तुलाराम **(iv)** वीर कँवर सिंह

**(ग)** उन्होंने किस काम के लिए सोनपुर को चुना?

**(i)** लड़ाई के लिए पशु खरीदने हेतु **(ii)** हाथियों को खरीदने हेतु

**(iii)**अंग्रेजों के विरुद्ध योजना बनाने हेतु **(iv)** भारतीय सैनिकों को एकत्र करने हेतु।

**(घ)** सोनपुर का मेला किस राज्य में आयोजित किया जाता है?

**(i)** उत्तरप्रदेश **(ii)** मध्यप्रदेश **(iii)** छत्तीसगढ़ **(iv)** बिहार

**(ङ)** 'ऐतिहासिक' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय कौन-सा है?

**(i)** इक **(ii)** सिक **(iii)** असिक **(iv)** क

**4- निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए। 1X5=5**

जागो बंसीवारे ललना !
जागो मोरे प्यारे !
रजनी बीती, भोर भयो है, घर-घर खुले किंवारे।
गोपी दही मथत, सुनियत हैं कंगना के झनकारे॥
उठो लालजी ! भोर भयो है, सुर-नर ठाढ़े द्वारे ।
ग्वाल-बाल सब करत कुलाहल, जय-जय सबद उचारै॥
माखन-रोटी हाथ मँह लीनी, गउवन के रखवारे।
मीरा के प्रभु गिरधर नागर, सरण आयाँ को तारै॥

**(क)** काव्यांश के पाठ और कवयित्री का नाम लिखो।

https://www.evidyarthi.in

**(ख)** इन पदों में किस समय का चित्रण है, और यशोदा किसे जगाने का प्रयास कर रही हैं?

**(ग)** मीरा के प्रभु कौन हैं? वे क्या-क्या करते हैं?

**(घ)** रात बीत चुकी है, यह बताने के लिए यशोदा क्या-क्या कहती हैं?

**(ङ)** 'कुलाहल' और 'सबद' शब्दों के तत्सम रुप लिखिए।

**5- निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **2X5=10**

**(क)** 'मास्टर जी की आवाज़ अब कम ऊँची थी। वे रेलगाड़ी के बारे में बता रहे थे'। मास्टर जी की आवाज़ धीमी क्यों हो गई होगी? लिखिए।

**(ख)** खानपान के मामले में स्थानीयता का क्या अर्थ है?

**(ग)** किस स्थिति में लोग हितैषी बनने की कोशिश करते हैं? रहीम ने सच्चे मित्र की क्या विशेषता बताई हैं ?

**(घ)** आँख में तिनका पड़ने के बाद घमंडी की क्या दशा हुई?

**(ङ)** 'विप्लव-गायन' कविता में कवि ने 'झाड़ और झंखाड़' किसे कहा है?

**(च)** 'मेरी माँ ने मुझे अपनी प्रसिद्धि को विनम्रता से सँभालने की सीख दी है'- धनराज पिल्लै की इस बात का क्या अर्थ है?

**6- निम्नलिखित प्रश्नों में से किंही दो के उत्तर अपनी सहायक पाठ्यपुस्तक 'बाल महाभारत कथा' के आधार पर दीजिए।** **2½X2=5**

**(क)** युधिष्ठिर ने यक्ष से नकुल को ही जीवित करने के लिए क्यों कहा?

**(ख)** राजकुमार उत्तर के बारे में विराट के मन में क्या भ्रम था?

**(ग)** श्रीकृष्ण ने धृतराष्ट्र के सामने भीम की प्रतिमा क्यों भिजवाई?

evidyarthi

https://www.evidyarthi.in

## <u>खण्ड- ग (व्याकरण)</u>

**7- निर्देशानुसार उत्तर दीजिए। 1X2=2**

**(क) 'प्रमाणित' शब्द में प्रत्यय निम्न में से कौन सा है?**

**(i)** णित **(ii)** इत **(iii)** ईत **(iv)** इनमें से कोई नहीं

**(ख) 'नवागंतुक' का सही संधि-विच्छेद होगा-**

**(i)** नवा+गंतुक **(ii)** न+आगंतुक **(iii)** नव+आगंतुक **(iv)** इनमें से कोई नहीं

**8- निर्देशानुसार उत्तर दीजिए- ½X4=2**

**(क) उचित मुहावरे चुनकर वाक्य पूरे कीजिए-**

**छोटे से बच्चे के करतब को देखकर सब---------------------------------।**

**(i)** होश उड़ गए **(ii)** दंग रह गए

**(iii)** रोंगटे खड़े हो गए **(iv)** आँखे चुराने लगे

**(ख) गाँव के इन शरारती बच्चों ने ---------------------------------------------।**

**(i)** कमर कस ली है **(ii)** नाक में दम कर रखा है

**(iii)** फूला नहीं समाया **(iv)** नाक रगड़ रखा है

**(ग) हिन्दी में कितने वचन होते हैं?**

**(i)** तीन **(ii)** चार **(iii)** दो **(iv)** पाँच

**(घ) घड़ी शब्द का बहुवचन रूप है-**

**(i)** घड़ीयाँ **(ii)** घड़ीं **(iii)** घड़िया **(iv)** घड़ियाँ

**9- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दें- 1X2=2**

**(क) तत्पुरुष समास में किसका लोप होता है?**

**(i)** शब्दों का **(ii)** विभक्ति चिन्हों का

**(iii)** पूर्व पद का **(iv)**उत्तर पद का

**(ख) द्वंद्व समास का उदाहरण किस विकल्प में है?**

**(i)** रातों रात **(ii)** गजानन **(iii)** रसोईघर **(iv)** गुरु-शिष्य

evidyarthi
https://www.evidyarthi.in

## खण्ड- 'घ'

**10- किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए।** **1X5=5**

**(क)** समाचार पत्रों से लाभ **(ख)** प्रदूषण की समस्या एवं निदान

**(ग)** समय का सदुपयोग ।

**11- विद्यालय परित्याग प्रमाण-पत्र के संबंध में प्राचार्य को प्रार्थना-पत्र लिखिए।** **1X5=5**

**अथवा**

**अपने छोटे भाई को पत्र लिखकर बताइए कि आपने बिना पटाखों के दिवाली कैसे मनाई।**

**12-मुक्त-पाठ पर आधारित निर्धारित दिए गए विषयों के आधार पर किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**2X5=10**

**(क)** जीवन में स्वच्छता का क्या महत्त्व है? अस्वच्छता से फैलने वाली बीमारियों के नाम एवं स्वच्छ रखने के किन्हीं पाँच उपायों को लिखिए।

**(ख)** शरीर को स्वच्छ रखने के लिए हमें किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?

**(ग)** भारत में हॉकी की शुरुआत एवं उपलब्धियों के विषय में संक्षेप में लिखिए।

evidyarthi

https://www.evidyarthi.in